राजस्थान–सरकार

प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

W-6, गौरव पथ, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर (राज॰)

फोन न॰– 0291–2430440/2636572 e-mail : bter.jodhpur@gmail.com

क्रमांक :एफ( )/प्राशिमं/सीमितनिविदा/2022–23/ 2461 दिनांक :: 13 MAY 2022

–: सीमित बोली सूचना संख्या 02/2022–23 :–

प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को कार्यालय में संचालित **प्रिन्टर्स के टोनर की रिफिलिंग एवं टोनर के मरम्मत कार्य (जिसका वर्गीकरण Annexure 'B' में वर्णित है)** हेतु **दो वर्ष** की अवधि के लिए दर संविदा करने हेतु सम्यक फर्मों से, जो कि इस प्रकार के कार्य संपादित कराने हेतु राज्य सरकार के सक्षम विभाग या अन्य सक्षम प्राधिकारी से अधिकृत/पंजीकृत है, से मुहरबंद सीमित बोली आमंत्रित की जाती है। सीमित बोली आवेदन **दिनांक 19.05.2022 को 10.00 बजे सुबह तक** बेचे जायेंगे तथा उसी दिन **सुबह 11.00 बजे तक** प्राप्त किए जाकर नियमानुसार प्रस्तुत बोलियों की तकनीकी बिड़ **दोपहर 12.30 बजे** खोली जायेगी ।

क्र. सं	कार्य का विवरण एवं मात्रा	अनुमानित लागत
1	**प्रिन्टर्स के टोनर की रिफिलिंग एवं टोनर के मरम्मत कार्य हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए दर संविदा**	रू 1.40 लाख (सामग्री, पारिश्रमिक, जीएसटी व समस्त करों एवं अन्य सभी देयताओं सहित)

मुख्य शर्तेः–

01. कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के प्रिन्टर्स, जिनकी सूची Annexure 'A'के रूप में संलग्न है, के टोनर की रिफलिंग एवं टोनर की मरम्मत करने हेतु दर अनुमोदन दिनांक से दो वर्ष अवधि हेतु दर संविदा के लिए अनुमानित लागत सामग्री, पारिश्रमिक, जीएसटी व समस्त करों एवं अन्य सभी देयताओं सहित अंकित है, अतः बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दरें भी इसी अनुरूप प्रस्तुत की जाए। प्रिन्टर्स के टोनर के रिफिल एवं टोनर के मरम्मत कार्य का वर्गीकरण Annexure 'B' में वर्णित है।
02. सूची Annexure 'A' में अंकित प्रिन्टर्स का अवलोकन सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करके कार्यदिवस पर कार्यालय समय में किया जा सकता है।
03. उक्त कार्य हेतु उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री उच्च गुणवता की होनी चाहिए। बदले गए कलपुर्जों अथवा सामग्री पर न्यूनतम 06 माह की गारंटी अनिवार्य होगी। बदले गए कलपुर्जों/सामग्री के पुनः खराब होने की स्थिति में उक्तानुसार गारंटी अवधि में होने पर कलपुर्जे/सामग्री को पूर्णतः निःशुल्क (completely free at no cost) बदला जाएगा। इस हेतु सामग्री, पारिश्रमिक, जीएसटी व समस्त करों सहित किसी देयता का भुगतान फर्म को ही वहन करना होगा।
04. संवेदक को प्रिन्टर्स के टोनर के रिफिल एवं टोनर के मरम्मत कार्य हेतु मध्यान्ह पूर्व दूरभाष पर आदेश करने पर उसी दिन तथा मध्यान्ह पश्चात दूरभाष पर आदेश करने पर अगले दिन गुणवतापूर्वक कार्य करना होगा। दूरभाष पर कार्यादेश देने के उपरान्त भी इस निर्धारित अवधि में कार्य सम्पादित नहीं करने एवं विलम्ब कारित करने पर लिक्विडेटेड डेमेज प्रति टोनर रूपये 50 प्रति दिवस के विलम्ब के हिसाब से कुल भुगतान योग्य राशि में से शास्ति के रूप में वसूली की जाएगी।
05. संवेदक फर्म द्वारा किए गए कार्य/ बदले गए पार्ट्स को कार्यादेश के विवरण की पर्ची में समस्त विवरण अंकित कर सम्बंधित शाखा के प्रभारी अधिकारी से प्रमाणीकृत करवाकर भुगतान हेतु कार्यादेश के विवरण की पर्चियों के साथ बिल (तीन प्रतियों में) कार्यालय में भुगतान हेतु प्रस्तुत करना होगा।
06. सामान्यतया, प्रिन्टर्स के टोनर के रिफिल एवं टोनर के मरम्मत कार्य हेतु समस्त कार्य मण्डल के कार्यालय परिसर में ही कार्यालयी समय में किया जायेगा, अति–आवश्यक होने पर ही सामग्री/पार्ट को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेने के पश्चात ही मण्डल परिसर से बाहर (सर्विस सेन्टर) मरम्मत कार्य हेतु ले जाने की अनुमति होगी।
07. इस उपापन संबंधी समस्त व्यय का भुगतान इस कार्यालय की बजट मद 2203–00–001–04–01–05 से प्रभारित होगा।
08. बोली की अन्य शर्तों का विवरण पत्र पृथक से संलग्न है।

संयुक्त निदेशक एवं सचिव

क्रमांक :एफ( )/प्राशिमं/सीमितनिविदा/2022–23/ दिनांक ::

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैः–
1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर।
2. प्रभारी अधिकारी , कम्प्यूटर शाखा को सूचनार्थ।
3. श्री सूर्यकान्त, सहायक प्रोग्रामर, कार्यालय हाजा को एस.पी.पी.पी. पोर्टल एवं विभागीय वेब साईट पर अपलोड कराने हेतु।
4. नोटिस बोर्ड :–मण्डल/निदेशालय पर चस्पा करवाने हेतु।

कार्यालयाध्यक्ष

बोली की अन्य शर्ते

01. दरअनुमोदन पत्र जारी होने की तिथि से 07 दिन के भीतर रू 500/– (रूपये पांच सौ) मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर बोलीदाता को सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों में निर्धारित एस.आर.–17 के प्रारूप में करारपत्र निष्पादित करना होगा।
02. बोलीदाता को रूपये 4000/– (रूपये चार हजार) मात्र बोली प्रतिभूति (Bid security) राशि के रूप में बोली प्रस्तुत करते समय जमा कराने होगें। सफल बोलीदाता को रूपये 10,000/– (रूपये दस हजार) मात्र कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) जमा कराने होगें। बोली शुल्क की राशि अप्रतिदेय होकर रूपये 200/– (रूपये दो सौ) मात्र होगी।
03. बोली प्रतिभूति (Bid security) राशि के असफल बोलीदाताओं के मामलों में नियमानुसार सफल बोलीदाता फर्म को दरअनुमोदन पत्र जारी होने एवं करार पत्र निष्पादन पश्चात लौटाई जा सकेगी। सफल बोलीदाता को निर्देशित अवधि में कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) जमा करानी होगी, जिस हेतु बोली के साथ प्रस्तुत की गयी बोली प्रतिभूति (Bid security) राशि नियमानुसार समायोजित की जा सकेगी।
04. बोली शुल्क की राशि (अप्रतिदेय) एवं बोली प्रतिभूति राशि केवल बैंकर चैक/डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में ही जमा की जाएगी, जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा 'Secretary, Board of Technical Education Rajasthan, Jodhpur' के पक्ष में जारी होकर जोधपुर स्थित बैंक शाखा में देय हों।
05. बोली दो चरणों में प्राप्त की जावेगी। **प्रथम** परिशिष्ट (अ) में तकनीकी बोली एवं **द्वितीय** परिशिष्ट (ब) में वित्तीय बोली ।
06. बोलीदाता को परिशिष्ट (अ) में तकनीकी बिड पृथक लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी । तकनीकी बोली में सफल होने पर ही उस फर्म की वित्तिय बोली खोली जावेगी। अतः बोलीदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि तकनीकी बोली में परिशिष्ट (अ) की पूर्ण रूप से पूर्ति कर आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित पृष्ठांकित करते हुए अलग लिफाफे में प्रस्तुत करें।
07. बोलीदाता को परिशिष्ट (ब) में वित्तीय बोली पृथक लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाता द्वारा सामग्री, पारिश्रमिक, जीएसटी व समस्त करों एवं अन्य सभी देयताओं को सम्मिलित करते हुऐं दरें बोली के परिशिष्ट (ब) पर दी गई वित्तीय बोली की सारणी में अंकित की जानी है। बोलीदाता को इस दर के अतिरिक्त किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया जावेगा।
08. दोनों लिफाफों के ऊपर तकनीकी /वित्तिय बोली पृथक पृथक लिखा जावे। तत्पश्चात् तकनीकी बोली लिफाफा एवं वित्तीय बोली लिफाफा को एक अन्य बडे लिफाफे में डालकर, इस बडे लिफाफे को कार्यालय में निर्धारित समय सीमा में जमा कराया जायेगा।
09. दर अनुमोदन पत्र/बोली दस्तावेज में वर्णित शर्तों के अध्ययधीन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ही आपूर्ति करनी होगी। किसी भी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं की जायेगी तथा सामग्री की क्रय खुले बाजार से किया जाकर रिस्क कोस्ट के प्रावधानों के अनुसार अन्तर राशि की वसूली संवेदक फर्म से की जावेगी।
10. किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।
11. अपूर्ण/सशर्त बोली फार्म पर विचार नहीं किया जायेगा। इस प्रकार के बोली प्रस्ताव को सीधे ही अस्वीकार किया जाकर बोली प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।
12. किसी भी बोली प्रस्ताव अथवा उसके किसी भाग को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार इस उपापन संस्था को होगा। बोली के समस्त आइटम (items) हेतु एक ही बोलीदाता/संवेदक फर्म की दरें न्यूनतम नहीं प्राप्त होने की स्थिति में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियमावली,2013 के नियम 69 में अधिकतम लाभप्रद बोली के चयन के निर्देशानुसार अधिकतम आइटम (items) हेतु न्यूनतम एवं युक्तिसंगत दरों के प्रस्तोता बोलीदाता/संवेदक का चयन सफल बोलीदाता के रूप में किया जाएगा। साथ ही, उसकी बोली में जिन आइटम (items) हेतु दरें न्यूनतम नहीं आयी होगी, उनके लिए उसे बोली में प्रस्तुत न्यूनतम बोली की दरों अथवा युक्तिसंगत दरों को प्रति–प्रस्तावित किया जाकर दर अनुमोदन किया जा सकेगा।
13. समस्त करों का दायित्व संवेदक का होगा। साथ ही उपापन की विषयवस्तु से संबंधित केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों, अधिसूचनाओं एवं जारी दिशा–निर्देशों की पालना करने का पूर्ण दायित्व संवेदक का होगा।
14. कार्य सम्पादन के दौरान किसी घटना/दुघर्टना के लिए किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति/मुआवजा देने हेतु उपापन संस्था की कोई जिम्मेवादी नहीं होगी।
15. एक ही बोली दाता द्वारा एकाधिक बोली प्रस्तुत करने पर उसे हितों का विरोध (Conflict of interest) समझा जायेगा एवं तदनुसार बोली अस्वीकार की जा सकेगी।
16. बोली के साथ जी.एस.टी. पंजीयन एवं पेनकार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी अपेक्षित है। तथापि बोलीदाता फर्म का वार्षिक टर्नओवर रूपये 20.00 लाख से न्यून हों, तो जी.एस.टी. पंजीयन का दस्तावेज प्रस्तुत न करने बाबत इस आशय का घोषणापत्र संलग्न करना होगा।
17. बोली में वर्णित उपापन सामग्री की मात्रा तथा लागत अनुमानित है। यह कार्यालय बोली में वर्णित अनुसार उपापन हेतु बाध्य नहीं है। संवेदक फर्म का कार्य संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में जारी दर अनुमोदन/कार्यादेश अथवा उसके किसी भी भाग को निरस्त करने का उपापन संस्था के पास अधिकार सुरक्षित होगा।
18. बोली फार्म जारी दिनांक से इस कार्यालय में कार्यालय समय में विक्रय हेतु उपलब्ध रहेगा, तथापि बोलीदाता इसे विभाग की वेब साईट http://techedu.rajasthan.gov.in एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के अनुसार http://sppp.raj.nic.in (पोर्टल) से भी डाउनलोड कर सकते हैं।
19. समस्त न्यायिक विवादों का वाद क्षेत्र जोधपुर (राजस्थान) होगा।

संयुक्त निदेशक एवं सचिव

Annexure 'A'

<u>मण्डल कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के प्रिन्टर्स की विवरण सूची</u>

S.NO.	NAME OF PRINTERS
1	Printer CLP 500 (Samsung with Network Card)
2	HP/ LI P 1007
3	Cannon Digital Printer Image Class MF 4350 D
4	Cannon Digital Multifunction Printer Image Class MF4270 Laser MFP
5	Cannon Digital Multifunction Printer Image Class MF4150 Laser MFP
6	HP Laser Jet Printer 1505
7	3005 DN HP Laser Jet PRINTER (Q7815A)
8	5200 N HP Laser Jet PRINTER (Q7544A), HPLI 5200 DUPLEX (Q7549A)
9	Laser Printer Cannon-3000
.10	HP Laser Jet Printer 3005 PN
11	HP Laser Jet Printer 5200 N
12	1007 HP LASERJET Printer
13	DIGITAL AND MULTIFUNCTIONAL OFFICE MACHINE (IR ADV 4025)
14	1005 HP LASERJET Printer
15	DIGITAL COPIER & MULTIFUNCTIONAL OFFICE MACHINE WITH COMPOSITE CARTIDGE (PRINTER MF 226 DN LASER MFP)
16	Canon MF 3010

संयुक्त निदेशक एवं सचिव

Annexure 'B'

प्रिन्टर्स के टोनर के रिफिल एवं टोनर के मरम्मत कार्य का वर्गीकरण

S.NO.	DETAILS
1	Big Toner-Refilling (Any Model)
2	Small Toner-Refilling (Any Model)
3	Big Toner-Repair (Any Model)
4	Small Toner-Repair (Any Model)
5	Big Toner-Replacing Drum/Blade/Chip/PCR/Magnet Rod (Any Model)
6	Small Toner- Replacing Drum/Blade/Chip/PCR/Magnet Rod (Any Model)

संयुक्त निदेशक एवं सचिव

परिशिष्ट – (अ)

तकनीकी बोली

कार्य का विवरण– प्रिन्टर्स के टोनर की रिफिलिंग एवं टोनर के मरम्मत कार्य हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए दर संविदा

01. **बोलीदाता द्वारा विभिन्न पंजीकरण आदि की सत्यप्रतियों सहित निम्नानुसार विवरण प्रस्तुत करना होगा (किसी भी कॉलम् को खाली नहीं छोड़े) :–**

क्र.सं.	विवरण	रजिस्ट्रेशन संख्याक / वर्ष		पंजीकरण दिनांक	संलग्न प्रति का पृष्ठ क्रमांक
1.	वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी) पंजीयन				
2.	फर्म या प्रोपराईटर का आयकर पेन नम्बर				
3.	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकरण				

02. **कार्य अनुभव का विवरण** (दस्तावेज संलग्न करें) पृष्ठ संख्या ....से...........तक

03. **फर्म की वित्तिय स्थिति का विवरण** (दस्तावेज संलग्न करें)पृष्ठ संख्या ....से...........तक

04. **बैंक खाता संख्या एवं बैंक का नाम मय IFSC कोड** पृष्ठ संख्या ....से...........तक
(दस्तावेज संलग्न करें)

05. **बोली शुल्क की राशि जमा का विवरण** (विवरण अंकित कर मूल ही संलग्न करें)

Proof of depositing cost of bid documents (DD/Banker's Cheque) enclosed? **Yes/No**
DD/Banker's Cheque Amount .... DD/Banker's Cheque
No.......................................
Issue Date.........................
Bank & Branch..................

06. **बोली प्रतिभूति राशि जमा का विवरण** (विवरण अंकित कर मूल ही संलग्न करें)

Proof of depositing Bid Security (DD/Banker's Cheque) enclosed.? **Yes/No**
DD/Banker's Cheque Amount .... DD/Banker's Cheque
No.......................................
Issue Date.........................
Bank & Branch..................

मैंने बोली की समस्त शर्तों को भली प्रकार से पढ व समझ लिया है एवं मैं बोली की शर्तों से सहमत हूं।

हस्ताक्षर बोलीदाता मय मुहर

---

01. बोलीदाता फर्म का वार्षिक टर्नओवर रूपये 20.00 लाख से न्यून हों, तो जी.एस.टी. पंजीयन का दस्तावेज प्रस्तुत न करने बाबत इस आशय का घोषणापत्र संलग्न करना होगा।
02. परिशिष्ट (अ) में तकनीकी बोली की पूर्ण रूप से पूर्ति कर आवश्यक दस्तावेजों को (स्वप्रमाणित प्रतियों सहित) पृष्ठांकित करते हुए तकनीकी बोली हेतु निर्दिष्ट लिफाफे में प्रस्तुत करें।

परिशिष्ट – (ब)

वित्तीय बोली

बोलीदाता द्वारा निम्न तालिका के कॉलम संख्या(3)की पूर्ति की जायेगी –
(किसी भी कॉलम् को खाली नहीं छोड़े)

क्र0सं0	कार्य का वर्गीकरण	**Net Price Per Work/item** (Including LABOUR CHARGE and All other levies: Excise duty, Entry Tax, Octroi (if any in Rajasthan.)
1	2	3
1	Refilling Big toner (Any model)	
2	Big toner Drum repair and replacement	
3	Big toner Blade repair and replacement	
4	Big toner Chip repair and replacement	
5	Big toner PCR repair and replacement	
6	Big toner Magnet Rod repair and replacement	
7	Refilling Small toner (Any model)	
8	Small toner Drum repair and replacement	
9	Small toner Blade repair and replacement	
10	Small toner Chip repair and replacement	
11	Small toner PCR repair and replacement	
12	Small toner Magnet Rod repair and replacement	

हस्ताक्षर बोलीदाता